जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहि। नगर गाऊँ पुर आगि लगावहि!!
धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी। गई तहाँ जहाँ सुर मुनी झारी।।
|| Ram Katha 964 - *मानस गौ सूक्त || Barsana ( UP) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 73 | इंदौर, गुरुवार 25 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अब चलती ट्रेन से लॉन्च होकर दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर देगी अग्नि-प्राइम मिसाइल

### हुआ सफल परीक्षण



नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत ने अग्नि प्राइम मिसाइल की ट्रेन से लॉन्चिंग का सफल परीक्षण कर लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार सुबह इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मध्यम रेंज की अग्नि प्राइम मिसाइल को रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से दागा जा सकेगा। यह अगली पीढ़ी की मिसाइल ट्रेन से ही लॉन्च होकर 2000 किलोमीटर तक की रेंज में किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है।

राजनाथ सिंह के पोस्ट में आगे कहा गया, 'इस मिसाइल को कई और अहम विशेषताओं से सुसज्जित है। इसे आज विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह अपनी तरह का पहला लॉन्च है, जो कि बिना किसी पूर्व शर्त के रेल नेटवर्क पर चलने की क्षमता रखता है।

इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास मोबाइल रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस प्रणाली से कम प्रतिक्रिया के समय में प्रक्षेपण करने की सुविधा मिलती है। उन्होंने मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सामरिक बल कमान (एसएफसी) और सशस्त्र बलों को बधाई दी।

# ऑनलाइन मिलेगी सीएनजी स्टेशन और पीएनजी लाइन की एनओसी

### आज सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल लॉन्च करेंगे सीएम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को सागर जिले के जैसीनगर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम शुरू करेंगे।**

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास और सीएनजी स्टेशन के संचालन के लिए एनओसी और पाइपलाइन बिछाने की अनुमति अब ऑनलाइन इसी पोर्टल से मिल सकेगी। सभी शहरों में एनओसी और पाइपलाइन बिछाने की अनुमति के लिए यह सिंगल



विंडो पोर्टल होगा।

जिला स्तर की सभी अनुमतियों के लिए कलेक्टर को अधिकृत किया है। संस्था द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल पर कलेक्टर को आवेदन कर, निर्धारित समय-सीमा में एनओसी/अनुमति प्राप्त कर सकेगी। एनओसी की अधिकतम समय-सीमा 60 दिन और अनुमति प्राप्त करने के लिए अधिकतम 77 दिन का वक्त तय किया गया है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति-2025 के तहत इस पोर्टल का विकास किया गया है। इसी नीति के तहत शहरों में घर-घर पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन दे रहे हैं।

# जिन 4 जिलों से मानसून लौटा उनमें 35-115% बारिश ज्यादा

### श्योपुर में 56.6 इंच पानी बरसा; 3 दिन में MP के कई जिलों से विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के साथ मध्यप्रदेश से भी मानसून की विदाई शुरू हो गई है। 4 जिले-नीमच, भिंड, मुरैना और श्योपुर से सबसे पहले मानसून विदा हुआ है। अगले 2 से 3 दिन में प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में और विदाई हो सकती है। हालांकि, इस बीच प्रदेश में हल्की बारिश का दौर भी जारी रहेगा।

जिन 4 जिलों से मानसून लौटा है, उनमें अबकी बार 35 से 115 प्रतिशत तक बारिश ज्यादा हुई है। चंबल संभाग के श्योपुर में सामान्य 26.2 इंच के मुकाबले 56.6 इंच पानी गिर गया, जो 115 प्रतिशत अधिक है। भिंड में 32.4 इंच, मुरैना में 37 इंच और नीमच में 42.9 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से ज्यादा है।



#### सीधी में डेढ़ इंच बारिश भोपाल में बूंदाबांदी

मानसून की विदाई के बीच बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। सीधी में 36 मिमी यानी, करीब डेढ़ इंच पानी गिर गया। भोपाल के कुछ इलाकों में दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी हुई। बैतूल, नर्मदापुरम, रीवा, उमरिया, बालाघाट में भी बारिश दर्ज की गई।

#### अब उज्जैन-ग्वालियर संभाग से सबसे पहले विदाई

चार जिलों में एक उज्जैन संभाग और तीन जिले चंबल संभाग के है। मौसम विभाग के अनुसार, अब उज्जैन और ग्वालियर संभाग से मानसून विदाई लेगा। इसके बाद इंदौर, भोपाल, सागर, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों से मानसून विदा होने लगेगा। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि आने वाले 2 से 3 दिन में मध्यप्रदेश के कुछ और जिलों से मानसून लौटने की संभावना है।

बता दें कि इस साल मानसून ने मध्यप्रदेश में 16 जून को दस्तक दी थी। समय से एक दिन बाद मानसून प्रदेश में एंटर हुआ था। बुधवार को जिन जिलों से मानसून की विदाई हुई है, उनमें अमूमन 30 सितंबर तक ऐसा होता है। इस बार 6 दिन पहले ही यहां से मानसून लौट गया है। 6 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों से मानसून विदा हो जाता है।

## इंदौर की फिल्म पर कांग्रेस ने लगाया प्रोपेगेंडा का आरोप, दंगों के आरोपियों ने क्यों की थी बैन की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारतीय सिनेमा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए, पूरी तरह से इंदौर में शूट की गई देश की पहली वन-शॉट हिंदी फीचर फिल्म "2020 दिल्ली" 14 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। देवेंद्र मालवीय द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपनी अनूठी तकनीक और संवेदनशील विषय के कारण रिलीज से पहले ही काफी विवादों में घिर गई थी, लेकिन अंततः सेंसर बोर्ड और दिल्ली हाईकोर्ट से इसे हरी झंडी मिल गई है।

#### विवादों और कानूनी लड़ाई को पार किया

निर्देशक देवेंद्र मालवीय ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर सामने आते ही इस पर राजनीतिक बहस छिड़ गई थी। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने इसे "भाजपा का प्रोपेगेंडा" बताते हुए चुनाव आयोग से इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। इसके अलावा, दिल्ली दंगों के सात आरोपियों, जिनमें शरजील इमाम भी शामिल हैं, ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। उनका तर्क था कि फिल्म उनके खिलाफ जनमानस में पूर्वाग्रह पैदा कर सकती है। हालांकि, कोर्ट ने रचनात्मक स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए सभी सात याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसके बाद सेंसर बोर्ड ने फिल्म को UA 16+ सर्टिफिकेट प्रदान किया।

#### भारतीय सिनेमा में एक नया कीर्तिमान

"2020 दिल्ली" को बिना किसी कट के एक ही टेक में शूट किया गया है, जिसकी कुल अवधि 2 घंटे 16 मिनट है। यह भारतीय सिनेमा में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। अब तक इस तकनीक का इस्तेमाल केवल हॉलीवुड और वर्ल्ड सिनेमा में ही देखा गया है। फिल्म का लेखन, निर्देशन और निर्माण देवेंद्र मालवीय ने किया है।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

# लापरवाही मिलने पर दो अधिकारियों को दिए शोकाज नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में लंबित प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी शिकायतों और योजनाओं के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**



बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी सात दिनों में निराकरण की गति में ठोस प्रगति लाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक श्रम आयुक्त को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही बरतने पर शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अपर कलेक्टरों को भी निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ विभागों की लंबित शिकायतों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी मंच है। सभी अधिकारी जनसुनवाई के दिन अनिवार्य रूप से कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित रहें और नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल सकारात्मक निराकरण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई के दौरान अन्य बैठकें न की जाएं, ताकि नागरिकों की समस्याएं प्राथमिकता से सुलझाई जा सकें। बैठक में बताया गया कि सेवा पखवाड़ा का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। समयबद्ध कार्यक्रम हो रहें हैं। बैठक में वर्मा ने पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और यह देखा जाए कि हितग्राहियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे। साथ ही उन्होंने पखवाड़े के तहत सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता गतिविधियां चलाने, साफ-सफाई बनाए रखने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

## हार्टबीट चैक करने के बहाने सीना छुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक निजी क्लिनिक के कंपाउंडर के खिलाफ 19 वर्षीय युवती ने छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि कंपाउंडर ने हार्टबीट चैक करने के बहाने उसका सीना छुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार पीड़िता बुखार आने पर दवा लेने भगतसिंह नगर स्थित कुमावत क्लिनिक गई थी। उस समय क्लिनिक पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे। गणेश धाम कॉलोनी निवासी कंपाउंडर अभिषेक ठाकुर मिला, जो खुद ही चेकअप करने लगा। शिकायत में युवती ने बताया कि चेकअप के दौरान आरोपी ने उसे टेबल पर बैठाकर हार्टबीट चेक करने के बहाने कपड़े हटाने को कहा और सीने पर गलत तरीके से हाथ लगाया। साथ ही अश्लील टिप्पणियां की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी भी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो उसके लिए ठीक नहीं होगा। घटना से घबराई पीड़िता तुरंत क्लिनिक से बाहर निकली और घर पहुंचकर परिवार को पूरी बात बताई। इसके बाद परिवार संग थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिषेक ठाकुर के खिलाफ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

### खजराना थाना में कई अपराध दर्ज, हेमंत यादव और राम गोत्रे के साथ थी पार्टनरशिप

# प्रॉपर्टी कारोबारी को गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के सनसिटी कॉलोनी के गेट के पास बाइक सवार बदमाशों ने प्रॉपर्टी कारोबारी और भूमाफिया मनोज नागर को गोली मार दी। ये घटना बुधवार देर शाम की है, जब मनोज किसी परिचित से मिलने वहां पहुंचे थे।**

जिस कॉलोनी के पास हमला हुआ, वहां पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। लसूडिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मनोज नागर को बाइक सवार हेलमेटधारी बदमाशों ने गोली मार दी। बदमाशों ने मनोज पर एक के बाद एक कई फायर किए गए, जिसमें उनके पेट और हाथ में तीन गोली लगी। उन्हें घायल देखकर लोगों ने बंबई अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों से बात की। उन्होंने बताया कि मनोज कुछ दिन पहले खजराना छोड़कर



सनसिटी में आकर रह रहा था। हमलावर दो बाइक पर आए थे, उनके साथ एक कार भी थी। मनोज जब अपनी गाड़ी से निकला, तो वहां कार से रास्ता रोका गया। इसके बाद दो बाइक सवारों ने फायर किए, जिसमें पहली गोली मनोज के हाथ पर लगी। मनोज जब भागा, तो बदमाशों ने उसके पीछे भागकर और फायर किए। बताया जा रहा है कि मनोज के साथ उसका एक साथी राम भी था, जिससे पुलिस अफसर पूछताछ कर रहे हैं। बता दें कि मनोज नागर पर खजराना थाना में कई अपराध दर्ज हैं। वह पहले चार बार जेल जा चुके हैं। मनोज का नाम न्याय नगर में सामने आया था। करोड़ों के लेनदेन और फर्जी कॉलोनी बनाने को लेकर प्रशासन और लोगों की शिकायत पर उनके खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज हुई थीं।

प्रशासन ने मनोज पर पहले भी सख्त कार्रवाई की है। मनोज नागर के साथ हेमंत यादव और राम गोत्रे ने न्याय नगर में मिलकर काम किया था। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भरे मंच से न्याय नगर के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी। इसके बाद अचानक सभी पार्टनर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मनोज इसके बाद जेल गया था। मनोज नागर का नाम खजराना के हिस्ट्रीशीटर बदमाश बब्बू छब्बू सहित कई लोगों के साथ जुड़ा हुआ है। वर्तमान में भी कई अवैध प्लाटों को लेकर मनोज नागर का लोगों से विवाद चल रहा है। हालांकि पुलिस को पूरे घटनाक्रम को लेकर संदेह है। मनोज से जुड़े लोगों के बारे में भी पुलिस जांच कर रही है।

## देवी मंदिर के पास पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में मंदिर की सीढ़ियों के पास शव मिला है। जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। मृतक की पहचान दीपक पुत्र मोहनलाल किरण, निवासी सिद्धार्थ नगर के रूप में हुई है। दीपक लोडिंग ऑटो ड्राइवर था। मामला एरोड्रम थाना इलाके में बिजासन माता मंदिर का है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि मंदिर की सीढ़ियों वाले रोड पर एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को पास ही सीमेंट का वजनी ब्लॉक भी पड़ा मिला। इसी से दीपक के सिर पर हमला किया गया था। दीपक का मोबाइल मौके पर ही मिला है। भाई लोकेंद्र ने बताया कि दीपक पहले हरसिद्धि कॉलोनी में रहता था। 3 साल पहले सिद्धार्थ नगर में मकान लिया था। परिवार में पत्नी दुर्गा और तीन बेटियां हैं। दुर्गा को मंगलवार रात मोमोस की दुकान लगाने वाले शख्स का फोन आया था कि दीपक का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद दुर्गा ने अपने भाई विकास को फोन कर सारी बात बताई।पुलिस पूछताछ में पता चला है कि दीपक रोज रात को काम से लौटते समय मंदिर की सीढ़ियों पर रुककर दर्शन करता था। इसके बाद ही घर जाता था। मंगलवार रात भी वह दर्शन के लिए रुका था। पुलिस ने रात में ही दीपक के परिवार से संपर्क किया। घर पर पत्नी ने बताया कि दीपक आमतौर पर रात 10 बजे तक घर आ जाता था। लेकिन कल रात उसका मोबाइल नहीं लग रहा था। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि हत्यारे तक पहुंचा जा सके। एरोड्रम थाना के सब इंस्पेक्टर भंवरलाल ने बताया- मंगलवार रात बिजासन टेकरी की चढ़ाई के पास एक व्यक्ति घायल हालत में मिला। वह सिद्धार्थ नगर का रहने वाला था। उसका साला विकास अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गरबा पंडाल का होर्डिंग गिरा, महिला घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया इलाके में एक गरबा पांडाल के लिए नेताओं के होर्डिंग लगाए गए थे। मंगलवार को गाड़ी के टकराने से होर्डिंग गिर गया, जिसमें वहां से गुजर रही एक महिला के सिर में चोट आ गई। उसे नजदीकी अस्पताल भेजा गया। यहां के रहवासियों ने नगर निगम पर अवैध होर्डिंग लगाने का आरोप लगाया है।**



लसूडिया इलाके के देवास नाके के पास मंत्री समर्थक द्वारा गरबा का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें उनके समर्थकों ने सड़क के दोनों ओर होर्डिंग लगाए हैं। हालांकि यहां बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। मंगलवार को एक वाहन की टक्कर से होर्डिंग का एक हिस्सा नीचे आ गया। इस दौरान बाइक पर जा रहे एक महिला और पुरुष इसकी चपेट में आ गए। हादसे में महिला के सिर में चोट आई। लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल भेजा। इधर, लोगों ने विरोध जताया कि पूरे शहर में नेताओं के अवैध होर्डिंग से शहर पटा पड़ा है। नगर निगम ऐसे होर्डिंग को लेकर कार्रवाई नहीं करता। हालांकि पुलिस ने होर्डिंग हटाने के लिए आयोजक को थाने बुलवाया था। मामले में अभी किसी तरह की शिकायत नहीं हुई है।

## ड्राइवर ने पेट्रोल पंप की दीवार में घुसा दी कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। विजयनगर क्षेत्र में सयाजी पेट्रोल पंप पर तेज रफ्तार से आ रही एक फोर्ड कार चालक ने गाड़ी को लापरवाही से पेट्रोल पंप की दीवार में घुसा दिया। हादसे में तीन से ज्यादा लोग चपेट में आ गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार रात की है। पेट्रोल पंप मैनेजर संजय मेवाड़ा निवासी न्यू महेश बाग कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि रात लगभग 10:50 बजे वह पेट्रोल पंप पर बैठे थे। उसी समय बापट चौराहे की ओर से आ रही फोर्ड कार (MP09EB7828) के ड्राइवर ने ओमनी गार्डन की ओर मुड़ते हुए जैसे ही पुलिस चेकिंग देखी, कार को तेज रफ्तार में रिवर्स किया और पेट्रोल पंप की दीवार में टक्कर मार दी, जिससे दीवार गिर गई। हादसे के दौरान कार चालक ने पेट्रोल पंप कर्मचारी मुकेश चौहान को कुचल दिया। इसके बाद दो अन्य वाहन चालकों को टक्कर मारी और आखिर में एक ट्रक में जाकर भिड़ गया। ट्रक से टकराने के बाद भी आरोपी कार लेकर भाग निकला। राहगीरों ने उसका पीछा किया, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर थाने ले गई। घायल कर्मचारी मुकेश चौहान की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

# अब एयरपोर्ट में यात्री के पेंट में घुसा चूहा, सबके सामने उतारने पड़े कपड़े

## देना पड़ा इंजेक्शन-एंटीबायोटिक गोलियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। एमवाय अस्पताल का चूहा कांड एमवाय प्रशासन के लिए सिरदर्द बना है। अब इंदौर एयरपोर्ट पर चूहा काटने की घटना सामने आई है। इंडिगो की फ्लाइट का टिकिट लेकर यात्री अरुण मोदी इंदौर एयरपोर्ट पर अपनी पत्नी के साथ गए थे। उड़ान में समय था, इसलिए वे कुछ देर के लिए पैसेंजर ब्लॉक में बैठ गए। इस बीच एक चूहा कहीं से आया और उनकी पेंट में घुस गया। उन्होंने चूहे को पकड़ा तो उसने घुटने के ऊपर काट लिया। मोदी को अपनी पेंट उतरना पड़ी, तब जाकर चूहे को बाहर निकाला जा सका। सबसे बड़ी बात यह रही कि एयरपोर्ट पर ऐसी आपात स्थिति के लिए कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं थी। हड़बड़ाए अरुण ने चूहे को बाहर से पकड़ने की कोशिश की, तभी उसने काट लिया। यात्री ने तत्काल पैंट उतारकर चूहे को बाहर निकाला। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। एयरपोर्ट स्टाफ मौके पर पहुंचा और अरुण को मेडिकल रूम ले जाया गया लेकिन मेडिकल रूम में न तो रेबीज का इंजेक्शन था और न ही टिटनेस का। नाराजगी जताने के बाद एयरपोर्ट मैनेजर के हस्तक्षेप से टिटनेस का इंजेक्शन बड़ी मुश्किल से लगाया गया। मजबूरी में यात्री को बेंगलुरु पहुंचने के बाद रेबीज का इंजेक्शन लगवाना पड़ा। जब अरुण मोदी ने पैर पर घाव देखा तो अपने परिचित डॉक्टर को कॉल किया। डॉक्टर ने रेबीज का इंजेक्शन लगाने की सलाह दी लेकिन मोदी को एयरपोर्ट की मेडिकल डेस्क पर रेबीज का इंजेक्शन नहीं मिला। फिर उन्होंने टिटनेस का इंजेक्शन लगाने के लिए कहा, लेकिन उसकी भी व्यवस्था नहीं हो पाई। इस बीच विमान के उड़ान भरने का भी समय हो गया था। इस कारण उन्होंने बेंगलुरु जाकर ही इंजेक्शन लगाना उचित समझा। डॉक्टर ने केवल प्रिस्क्रिप्शन लिखकर दिया, ताकि यात्री आगे जाकर इंजेक्शन लगवा सके। उसके बाद अरुण ने बेंगलुरु पहुंचकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। अरुण मोदी हैदराबाद की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं। इंदौर एयरपोर्ट पर पहले भी चूहों की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। कुछ यात्रियों ने फूड काउंटर के पास चूहों के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए थे। इसके अलावा मच्छर, कॉकरोच और आवारा कुत्तों को लेकर भी शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। तीन दिन पहले ही एयरपोर्ट वॉशरूम की गंदगी के फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसके बाद सफाई करवाई गई थी।

# राजवाड़ा पर बुजुर्ग को आईबस ने मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। राजवाड़ा क्षेत्र में मंगलवार शाम एक आई बस चालक ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर मौजूद लोग गुस्से में आ गए और उन्होंने चालक की पिटाई कर दी। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।**

जानकारी के अनुसार, घटना गणेश केप मार्ट के सामने हुई। सिटी बस वहां से गुजर रही थी, तभी 65 वर्षीय बुजुर्ग की गाड़ी को बस ने टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े और उनके चेहरे पर मामूली चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही हादसा हुआ, वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत अपनी गाड़ियां बस के आगे खड़ी कर उसे रोका। कुछ लोग बस के केबिन में चढ़ गए और चालक को नीचे उतारकर उसकी पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल बुजुर्ग के परिजनों को सूचना देकर बुला लिया। घटना की जानकारी मिलते ही एमजी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी (टीआई) विजय सिसोदिया ने बताया कि घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना को लेकर अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। बस चालक कुछ देर रुकने के बाद बस लेकर आगे बढ़ गया। टीआई सिसोदिया ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम की है, जब राजवाड़ा इलाके में भारी भीड़ रहती है। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले समय में ट्रैफिक नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास जारी हैं।

# कर्मचारियों को हटाने की चेतावनी का विरोध शुरू

## मुस्लिम व्यापारियों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। शहर में भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे की मुस्लिम कर्मचारियों को हटाने की चेतावनी का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को राजबाड़ा पर मुस्लिम व्यापारियों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। मुस्लिम कर्मचारियों और दुकानदारों ने बजाज खाना चौक से राजबाड़ा तक तख्तियां हाथ में लेकर पैदल मार्च निकाला।**

प्रदर्शनकारियों ने कहा- हम हिंदुस्तानी हैं सालों से यहीं व्यापार कर रहे हैं। दरअसल, मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने शीतला माता बाजार के व्यापारियों को चेतावनी दी थी कि वे अपनी दुकान पर काम करने वाले मुस्लिम कर्मचारियों को हटा दें। दुकानदार मोहम्मद गुलजार ने कहा- हम लोग यह चाहते हैं कि व्यापार को व्यापार की तरह से देखा जाए न कि राजनीतिक तरीके से। हम लोग यहां पर 30-35 साल गुजार चुके हैं। हम व्यापार शांति से करते हैं, हमारी कोई शिकायत नहीं है, लेकिन हमें यहां से बाहर किया जा रहा है। हमें बाहर करने की वजह यह है कि हम मुसलमान हैं। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर पिछले दिनों एकलव्य गौड़ के खिलाफ ज्ञापन देकर उन पर FIR दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा था कि ये इंदौर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। इससे पहले कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान ने वीडियो भी जारी कर कहा था- 'एकलव्य आप मेरे बेटे जैसे हो। यह किस तरह की राजनीति कर रहे हो। आपकी मम्मी महापौर थी और मैंने उनके साथ भी काम किया है, लेकिन उन्होंने कभी फंड देने में कोई भेदभाव नहीं किया। एकलव्य गौड़ ने 18 अगस्त को श्री शीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन में हेमा पंजवानी, बबल शर्मा, रूपेश राठौर, अतुल नीमा सहित अन्य व्यापारियों के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि लव जिहाद इस्लामिक आबादी बढ़ाने का सबसे बड़ा षड्यंत्र है। यह सनातन धर्म के लिए चुनौती बन गया है। एकलव्य ने व्यापारियों से कहा था- जिहादी मानसिकता के लोगों से इस बाजार को बचाना है, इसलिए जिहादी मानसिकता के किराएदार, कर्मचारी या फिर दलाल इन सभी को एक महीने में बाहर करें। एक महीने के बाद हिंद रक्षक संगठन जिहादी मानसिकता के लोगों पर सीधे कार्रवाई करेगा। माता-बहनों को सुरक्षित वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है।

## इंदौर की रोहिणी ने दी सुसाइड की धमकी: कहा-

# अय्याश खुशियां मना रहा, तेरे नाम पर जहर खाऊंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। यूपी की नगीना सीट से सांसद और भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली पीएचडी स्कॉलर डॉ. रोहिणी घावरी ने सुसाइड की धमकी दी है। रोहिणी इंदौर की रहने वाली हैं, वर्तमान में स्विट्जरलैंड में रहती हैं।**

बुधवार दोपहर 2 बजे रोहिणी ने एक्स पर सुसाइड की धमकी दी थी। उन्होंने एक्स अकाउंट पर 4 घंटे के अंतराल पर तीन पोस्ट किए। एक पोस्ट में रोहिणी ने चंद्रशेखर, उनकी पत्नी और बच्चे की तस्वीर पोस्ट की। जिसमें चंद्रशेखर को गाली देते हुए लिखा, मेरा जीवन बर्बाद कर के खुशियां मना रहा है। आज ही तेरे नाम पर जहर खाऊंगी। तूने मुझे खत्म कर दिया। रोहिणी ने पीएम मोदी और पीएमओ



को टैग करते हुए लिखा- मेरी लाश भी भारत वापस मत लाना। किसी ने नहीं सुनी मेरी। सब अपराधी का साथ देते रहे। तुम सब को मेरा अंतिम अलविदा...

इंदौर की पीएचडी स्कॉलर डॉ. रोहिणी घावरी ने पीएम मोदी को सोशल मीडिया पोस्ट पर टैग करते हुआ 2 दिन पहले लिखा- 'आदरणीय नरेंद्र मोदीजी आपके कार्यकाल का यह सबसे बड़ा कलंक होगा जब एक वाल्मीकि दलित भारत की बेटी आपसे न्याय की गुहार लगाते हुए थक कर यूनाइटेड नेशन के मंच से अपना जीवन समाप्त करेगी। अपने ही देश में मुझे आत्मसम्मान की लड़ाई नहीं लड़ने दिया गया। आरोपी को लगातार दिल्ली पुलिस बचाती रही। मैं एक एफआईआर तक नहीं करा पाई। इसकी वजह है गंदी राजनीति। पुलिस पीड़िता की नहीं नेताओं की सुनती है। यह पूरा सिस्टम सिर्फ ताकतवर लोगों की आवाज सुनता है। देश के गरीब पिछड़े पीड़ितों की आवाज नहीं सुनता। स्वाभिमानी बेटियों की आवाज कौन सुनेगा। मेरे अंतिम अलविदा का इंतजार करना। शायद मेरे मरने के बाद देश की बेटियों की आवाज सुनी जाएगी। जय हिन्द जय भारत जय संविधान जय भीम जय वाल्मीकि।'

# गंदगी देखकर नाराज हुए मेयर पुष्यमित्र भार्गव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। वार्ड 55 में बुधवार को सफाई व्यवस्था देखने के लिए मेयर पुष्यमित्र भार्गव अचानक पहुंचे। यहां एक जगह गंदगी देख वे नाराज हो गए। उन्होंने तत्काल निगम अधिकारियों को वहां तलब किया। अधिकारियों को मौके पर बुलाकर वहां की स्थिति दिखाई। क्षेत्र के रहवासियों ने भी बताया कि कई दिनों से यहां से कचरा नहीं हटाया गया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को तुरंत कचरा हटाने के निर्देश दिए।**

सफाई व्यवस्था को लेकर शहर में लगातार महापौर और निगमायुक्त अलग-अलग जगह दौरा करते रहते हैं। बुधवार को भी महापौर वार्ड 55 में पहुंचे थे। यहां होटल राजशाही के पास बने जीटीएस (गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन) पर पहुंचे, जहां कचरे के ढेर और अव्यवस्था देखकर वे नाराज हो गए। महापौर ने निगमायुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थिति दिखाई। स्थानीय लोगों ने कहा कि कचरा कई दिनों से यहां से नहीं हटाया गया है, जिसके कारण बदबू फैल रही है और बीमारियों को खतरा बढ़ रहा है। महापौर और निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने रहवासियों की बातों को सही पाया। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिया कि तुरंत कचरा हटाया जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की स्थिति न बने और स्वच्छता व्यवस्था को और सख्ती से लागू किया जाए।

# कैफे के बाहर कार से चुराया पर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। भंवरकुआ में मंगलवार दोपहर एक वारदात हो गई। यहां पर व्यापारी उनकी पत्नी ओर बेटी के साथ कैफे में आए थे। इस दौरान उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की थी। बदमाश ने कार के अंदर से पर्स चुरा लिया। जिसमें सोने के जेवर रखे थे। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। भंवरकुआ पुलिस ने प्रदीप कुमार निवासी पाम बिल्डिंग श्रीराम इंक्लेव की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी करने के मामले में एफआईआर की है। प्रदीप पेशे से व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी प्रीति और बेटी के साथ मेकडोनाल्ड कैफे आए थे। इस दौरान उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की थी। वह वापस आए तो कार में पर्स नहीं था। पर्स में सोने की चैन,अंगूठी, दो सोने के नाक के कांटे चांदी की बिंछिया और नकदी सहित अन्य सामान रखा हुआ था।

## डिलीवरी कंपनी में कर्मचारी ने आईफोन चुराया

एमजी रोड पुलिस ने एक डिलीवरी कंपनी के संचालक की शिकायत पर उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी के खिलाफ आईफोन चोरी के मामले में एफआईआर की है। आरोपी ने कंपनी की मोबाइल वापस भेजते समय उसमें दूसरा मोबाइल रखकर भेज दिया। ओर आईफोन चोरी कर उसे बेच दिया। पुलिस ने पलकेश गोयल की शिकायत पर पुलिस ने सौरभ पुत्र केशव धाकड निवासी पवनपुरी मूसाखेड़ी के खिलाफ चोरी के मामले में एफआईआर की है।

◆ धान उत्पादक किसानों को दीपावली से पहले ही बोनस के रूप में दिया तोहफा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# 6.69 लाख धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ बोनस राशि अंतरित की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटंगी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाताओं की खुशहाली में ही हम सबकी खुशहाली है। अन्नदाताओं की आर्थिक मजबूती ही देश और प्रदेश के विकास और समृद्धि का आधार है। हमारी सरकार ने किसानों के सभी हितों का विशेष ध्यान रखा है। हमारी विकास नीतियों के मूल में किसान ही हैं। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए हम मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं।

किसानों को उनके हर वाजिब हक के साथ-साथ हमारी सरकार किसान सम्मान निधि भी दे रही है। यह निधि किसानों के प्रति हमारे सम्मान की अभिव्यक्ति है। किसानों के कल्याण और इनकी समृद्धि के लिए हमारी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बालाघाट जिले के कटंगी तहसील मुख्यालय में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 6 लाख 69 हजार 272 धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की प्रोत्साहन (बोनस) राशि सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में अंतरित की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जित करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार अधिकतम 10 हजार रूपये की बोनस राशि देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में करीब 245 करोड़ रुपये की लागत वाले 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इसमें 39 करोड़ रूपए लागत से बालाघाट में सरेखा आर.ओ.बी. एवं परसवाड़ा में 31 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण भी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित ग्रामों के 850 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। इन सभी युवाओं को गृह विभाग के विशेष सहयोगी दस्ते में नियुक्ति दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में हुए रोजगार महोत्सव के जरिए चुने गए 3700 से अधिक युवाओं को प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में नियुक्ति पत्र भी दिए। इन चयनितों में लगभग 1000 युवतियां भी शामिल हैं, जिन्हें बेंगलुरु की निजी कंपनियों में नियुक्ति दी जा रही है।

## बोत्सवाना से आएंगे 8 से 10 चीते



**श्योपुर, एजेंसी।** प्रोजेक्ट चीता के तहत साल के अंत तक बोत्सवाना से 8 से 10 चीते भारत लाए जाएंगे। फिलहाल, नामीबिया और केन्या से भी बातचीत चल रही है, लेकिन बोत्सवाना के साथ वन विभाग के अधिकारियों के बीच लगभग सहमति बन चुकी है। इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क, गांधीसागर, नौरादेही या गुजरात के बन्नी घास मैदान में छोड़ा जा सकता है। वर्तमान में भारत में कुल 27 चीते हैं, जिनमें से 11 नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए हैं, जबकि 16 का जन्म भारत में हुआ है। अभी 24 चीते श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क के 748 वर्ग किमी के कोर क्षेत्र में खुले में घूम रहे हैं। यह क्षेत्र 3,500 वर्ग किमी के बड़े चीता-उपयुक्त परिदृश्य का हिस्सा है।

## करंट फैलाकर मगरमच्छ को मारा, दो गिरफ्तार



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** गांव में मिले मगरमच्छ को इलेक्ट्रिक करंट देकर मारा गया था। मछुआरे ने पहले उसे मारने के लिए बिजली का करंट फैलाया और जब उसकी चपेट में आने से मछली के साथ मगरमच्छ का बच्चा मर गया। इसके बाद मगरमच्छ को 50 मीटर दूर तक खींचकर एक खेत में फेंक दिया। एक सप्ताह में फॉरेस्ट टीम ने मगरमच्छ के शिकार करने वाले दो आदिवासी आरोपियों को पकड़ लिया। दोनों को बुधवार को कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी ओमप्रकाश पिता रमेश मर्सकोले और उत्तम पिता किशन सिंह उइके दोनों निवासी ग्राम सिंगवाडा सोहागपुर हैं। यह दोनों ही मछली पकड़ने का काम करते हैं।

# बेटे को चलती कार के गेट पर लटकाया...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। एक पिता ने अपने 9 साल के बेटे को चलती कार में बाहर लटका दिया। ये देख एक पुलिसकर्मी ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस ने कार को रोका और पिता को जमकर फटकार लगाई।**



पिता कहने लगा कि वह ऐसा मस्ती में कर रहा था। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात करीब 12 बजे की है। चामुंडा माता चौराहे से गुजरते समय चिमनगंज मंडी थाने में पदस्थ आरक्षक सर्वेश मालवीय ने देखा कि एक फॉर्च्यूनर कार के ड्राइवर साइड के दरवाजे से बच्चा बाहर लटक रहा है। आरक्षक ने तुरंत वायरलेस सेट से कंट्रोल रूम को सूचना दी। महिला थाना प्रभारी टी.आई. लीला सोलंकी और आरक्षक सर्वेश मालवीय ने कार का पीछा कर आईजी बंगले के पास रुकवाया। कार रुकते ही ड्राइवर दीपक पमनानी पुलिस को देखकर कान पकड़कर माफी मांगने लगा। टीआई ने जब उससे इस लापरवाही की वजह पूछी, तो दीपक ने कहा- मस्ती में स्टंट कर रहा था। इस पर टीआई सोलंकी ने उसे फटकार लगाई। कहा कि यह मजाक नहीं है, बच्चे की जान के साथ खिलवाड़ है। घटना देर रात की होने के कारण उस समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, बुधवार सुबह माधव नगर थाने में पिता दीपक पमनानी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

**शक्ति बढ़ाने के लिए लाशों के बाल काटे**

# 2 पत्नियों का हत्यारा निकला खंडवा में कब्र खोदने वाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा के बड़ा कब्रिस्तान में कब्रें खोदकर लाशों के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार हो गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपी तक पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह तंत्र क्रिया के लिए लाशों के बाल काटता था।

पुलिस ने उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का केस दर्ज किया है और अब रासुका (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपी अपनी दो पत्नियों की भी हत्या कर चुका है। बता दें, 21 सितंबर रविवार को बड़ा कब्रिस्तान में दो कब्रें खुली मिली थीं। इनमें से एक महिला की कब्र थी। परिजनों ने बताया कि शव के साथ छेड़छाड़ हुई है। शव के पैर वाले हिस्से से कपड़े हटे हुए थे। इससे पहले 19 मई को भी बड़ा कब्रिस्तान और सिहाड़ा कब्रिस्तान में छह कब्रों के साथ इसी तरह की घटना हुई थी। पुलिस ने कब्रिस्तान में 13 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। 21 सितंबर के बाद फुटेज खंगाले गए तो एक संदिग्ध युवक नजर आया। आरोपी की पहचान अय्यूब खान (50), निवासी ग्राम मुंदवाड़ा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे हरसूद से मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया। आरोपी अय्यूब ने 2009 में अपनी पहली पत्नी को जलाकर मार डाला था। 2011 में उसने दूसरी पत्नी को पानी में डुबोकर हत्या की थी। दूसरी पत्नी की हत्या में उसे उम्रकैद हुई थी। 15 मई 2025 को वह इंदौर सेंट्रल जेल से रिहा हुआ। जेल से छूटने के सिर्फ 4 दिन बाद यानी 19 मई को उसने पहली बार कब्रिस्तान में छेड़छाड़ की वारदात कर दी। आरोपी अमावस्या का दिन इसलिए चुनता था, ताकि किसी को लगे कि हिंदू व्यक्ति ने ऐसा किया है। पुलिस पूछताछ में अय्यूब ने बताया कि उसने जेल में रहते हुए तंत्र क्रिया सीखी थी। एक कैदी ने उसे समझाया था कि कब्र से लाशों के बाल काटकर उन पर क्रिया करने से शक्ति मिलती है। रिहा होने के बाद उसने इसी वजह से कब्रें खोदना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी निर्वस्त्र नजर आया था। परिवार वालों ने आशंका जताई थी कि उसने शव के साथ दरिंदगी की है। पुलिस सूत्रों ने भी माना कि आरोपी ने पूछताछ में इस बात का जिक्र किया।

## सरपंच पति के दूसरी महिलाओं से संबंध



**नीमच, एजेंसी।** ग्राम सावन की सरपंच पत्नी सपना माली ने पति जीवन उर्फ जितेंद्र माली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। सपना ने बताया कि 2003 में उनका विवाह हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति ने दूसरी महिलाओं से संबंध बनाने शुरू कर दिए। विरोध करने पर पति और उनकी प्रेमिका उन्हें परेशान करने लगे। पीड़िता ने 16 सितंबर को एसपी को आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि सरपंच पद पर आसीन पति राजनीतिक संरक्षण का दुरुपयोग कर रहे हैं।


## रिश्वत लेते गिरफ्तार

**आलीराजपुर , एजेंसी।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लोकायुक्त इंदौर की टीम ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रामा अवास्या को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित ने घूस के रुपये लेकर पेंट की जेब में रख लिए थे। लोकायुक्त ने पेंट भी उतरवाकर जब्त किया है। किमलेश संगाडिया निवासी ग्राम बरझर (शामलाकुंड) तहसील चंद्रशेखर आजादनगर ने शिकायत की थी कि उसकी पत्नी कमिला संगाडिया ग्राम शामलाकुंड में शासकीय उचित मूल्य दुकान (कोड नं. 4906022) का संचालन करती हैं।

## संपादकीय

# यह समझौता सऊदी अरब और भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं करेगा

सऊदी अरब और पाकिस्तान ने हाल ही में एक ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया है। इस समझौते में कहा गया है कि किसी एक देश पर हमले को दोनों देश अपने ऊपर हमला मानेंगे। भारत के दुश्मन पाकिस्तान और दोस्त सऊदी अरब के बीच इस समझौते ने नई दिल्ली की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस बीच दक्षिण एशिया के मामलों के एक्सपर्ट माइकल कुगलमैन ने सऊदी-पाकिस्तान रक्षा समझौते को गेम चेंजर बताया है। समझौते पर विचार करते हुए कुगलमैन ने इस पहलू की ओर ध्यान दिलाया कि भारत के सऊदी अरब के साथ बेहद करीबी रिश्ते हैं। कुगलमैन ने साफ किया कि यह समझौता सऊदी अरब और भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद की चिंताओं और पिछले उदाहरणों के कारण, यह सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक पारस्परिक रक्षा समझौता है। सऊदी अरब के भारत के साथ मजबूत संबंध हैं। यह इस समझौते को सऊदी-भारत संबंधों के आड़े नहीं आने देगा।' उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यह भारत के लिए इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत के सऊदी अरब के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और भारत-पाकिस्तान के बीच संबंधों के इतिहास को देखते हुए इस बात की पूरी संभावना है कि भारत भविष्य में कभी पाकिस्तान पर हमला कर दे। कुगलमैन ने पाकिस्तान से आतंकवाद को लेकर भारत की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं का भी जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने चीन, अमेरिका, तुर्की और खाड़ी के अरब देशों समेत कई देशों के साथ अपने गठबंधन को मजबूत किया है। अब एक रक्षा समझौते के तहत इसमें सऊदी अरब का शामिल होना भारत के लिए नई चुनौतियां पेश करता है। कुगलमैन ने कहा कि यह समझौता औपचारिक रूप से पाकिस्तान को मध्य पूर्व के सुरक्षा ढांचे में रखता है, जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। कुगलमैन ने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में फिर से आई गर्मजोशी का जिक्र किया और इसे अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव का बिंदु बताया। उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की वॉशिंगटन यात्रा और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ होने वाली मुलाकात को प्रमुख संकेत बताया।




सांप किसी दूसरे जीव की तुलना में अपने आस-पास हो रही घटनाओं के बारे में अधिक जानता है, क्योंकि उसके पास गपशप सुनने के लिए कान नहीं होते - केवल प्रत्यक्ष बोध होता है।

- जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# अष्टमी व नवमी को कन्या पूजन का क्या है शुभ मुहूर्त?

## जानें पूजन की सरल विधि

नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। मान्यता है कि नवरात्रि में कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्त पर अपनी असीम कृपा बरसाती हैं। जानें इस बार अष्टमी व नवमी को कन्या पूजन के शुभ मुहूर्त क्या हैं।



हिंदू धर्म में नवरात्रि में कन्या पूजन का खास महत्व है। यूं तो नवरात्रि के किसी भी दिन कन्या पूजन किया जा सकता है, लेकिन अष्टमी व नवमी तिथि पर कन्या पूजन अत्यंत शुभ व लाभकारी माना गया है। शास्त्रों में वर्णित है कि नवरात्रि में कन्या पूजन में 2 से 10 वर्ष की आयु की कन्याओं का पूजन किया जाता है, यह मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों का प्रतीक मानी जाती हैं। कहते हैं कि हर उम्र की कन्या का अलग महत्व होता है और उनका पूजन करने से अलग-अलग पुण्य फल मिलते हैं, जैसे 2 साल की कन्या का पूजन करने से दरिद्रता दूर होती है और 9 साल की कन्या की पूजा से शत्रुओं पर जीत हासिल होती है। जानें इस बार नवरात्रि की अष्टमी व नवमी तिथि में कन्या पूजन के क्या हैं शुभ मुहूर्त।

### ◆ अष्टमी को कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त

इस बार नवरात्रि की अष्टमी 30 सितंबर, मंगलवार को है। अष्टमी पर कन्या पूजन का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 37 मिनट से सुबह 05 बजकर 25 मिनट तक रहेगा। अभिजित मुहूर्त सुबह 11 बजकर 47 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 10 मिनट से दोपहर 02 बजकर 58 मिनट तक रहेगा।

### ◆ नवमी को कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त

इस बार शारदीय नवरात्रि की महानवमी 1 अक्टूबर को मनाई जाएगी। नवमी को कन्या पूजन का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 37 मिनट से सुबह 05 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 09 मिनट से दोपहर 02 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। रवि योग सुबह 08 बजकर 06 मिनट से पूरे दिन रहेगा।

कन्या पूजन विधिः कन्या पूजन के लिए कन्याओं को सबसे पहले आदरपूर्वक आमंत्रित किया जाता है और उसके बाद उनका विधि-विधान से स्वागत किया जाता है। कन्याओं को आसन पर बिठाकर उनके पैरों को धोएं और माथे पर रोली या कुमकुम लगाएं और चुनरी पहनाएं। इसके बाद मां भगवती का ध्यान लगाते हुए कन्याओं को भोजन कराएं और उन्हें दक्षिणा व उपहार दें। अंत में कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लें और सम्मानपूर्वक विदा करें।

New Delhi


# दिल्ली हाईकोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने वाली याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बदले बैलेट पेपर के जरिए चुनाव कराने वाली याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट में विचार किया जा चुका है। यह याचिका उपेंद्र नाथ दलाई नाम के व्यक्ति ने दायर की थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि देश में होने वाले सभी चुनाव केवल बैलेट पेपर (मतपत्र) के माध्यम से कराए जाएं, न कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए। याचिका में दावा किया गया था कि ईवीएम पर जनता का विश्वास नहीं रहा है और इससे निष्पक्ष चुनाव पर सवाल खड़े होते हैं। दलाई ने अदालत से अनुरोध किया था कि वह चुनाव आयोग को निर्देश दे कि भविष्य में केवल बैलेट पेपर से ही वोटिंग कराई जाए। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए साफ शब्दों में कहा कि ऐसा कोई आधार नहीं है, जिस पर कोर्ट इस याचिका को स्वीकार करे। अदालत ने कहा, "उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए हम इस याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानते। इसे खारिज किया जाता है।" कोर्ट ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही इसी तरह की एक याचिका को खारिज कर चुका है और दिल्ली हाईकोर्ट खुद भी इसी मुद्दे पर पहले एक अन्य याचिका को खारिज कर चुका है।



Gujrat

## गुजरात के गांधीनगर में गरबा के बीच भारी बवाल, दो समुदायों में हिंसक झड़प; पथराव-आगजनी



**गांधीनगर, (एजेंसी)** गुजरात के गांधीनगर में बुधवार को सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी। गांधीनगर के देहगाम में मामूली विवाद के बाद दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ। उपद्रवियों ने तोड़फोड़ और आगजनी की। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से हालात को काबू किया। भारी सुरक्षा के बीच फिलहाल शांति है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

देहगाम तालुका के बहियाल गांव में गरबा का आयोजन किया गया है। बुधवार रात अचानक गरबा आयोजन स्थल पर भी पत्थर बरसने लगे। दुकानों में तोड़फोड़ की गई और गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। चर्चा है कि एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हिंसा भड़की। उस पोस्ट में क्या लिखा था और किसने इसे पोस्ट किया था, यह अभी साफ नहीं है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि हिंदू इलाके में कुछ मुस्लिम लड़के चक्कर काट रहे थे। जब उनसे पूछताछ की गई तो बहस हुई और फिर दोनों समुदाय भिड़ गए। पुलिस हिंसा के कारणों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण शांति है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए उपद्रवियों की पहचान करने में जुटी है। अंधेरे का फायदा उठाकर उपद्रवी हिंसा को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि उपद्रवियों को जल्द दबोचा जाएगा और कानून के मुताबिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

Himachal Pradesh

## रामलीला करते कलाकार की मौत

**चंबा, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के चंबा में रामलीला का मंचन करते समय एक कलाकार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। कलाकार मंच पर बनाए सिंहासन पर ही लुढ़क गया। यह घटना लाइव वीडियो में रिकॉर्ड हुई। जिस समय यह घटना हुई, उस समय रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन हो रहा था। हार्ट अटैक से करीब 1 मिनट पहले ही मंच पर दशरथ और विश्वामित्र में संवाद हो रहा था। इसमें विश्वामित्र पूछते हैं- राजा दशरथ मेरे लिए क्या करते सकते हैं? इस पर दशरथ ने हंसते हुए कहा, 'आपके लिए प्राण भी न्योछावर कर दूंगा।' इसके कुछ ही क्षण बाद दशरथ का किरदार निभा रहे कलाकार अचेत हो गए। मृतक की पहचान अमरेश महाजन (73) उर्फ शिबू भाई के रूप में हुई है। वह करीब 40 सालों से प्रभु श्रीराम के पिता दशरथ का रोल कर रहे थे।



New Delhi

# बाढ़ से 8 लोगों की मौत बंगाल में 10 की जान गई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है।

इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं। 10 में से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं। कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी।



खेल

# अजेय रहते हुए एशिया कप के फाइनल में भारत

## अब करो या मरो के मैच में उतरेंगे बांग्लादेश-पाकिस्तान

**दुबई, (एजेंसी)** भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनकेलिए सैफ हसन ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा अक्षर पटेल और तिलक वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की। भारत ने अजेय रहते हुए एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सुपर-4 में अब भारत का एक मुकाबला बचा है जो 26 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेला जाएगा। भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला फाइनल से पहले अभ्यास मैच होगा जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम अपनी फील्डिंग और गेंदबाजी में सुधार करना चाहेगी। सुपर-4 की अंक तालिका में भारत चार अंक और 1.357 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पाकिस्तान और बांग्लादेश क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर है। दोनों टीमों के बीच गुरुवार को वर्चुअल नॉकआउट मुकाबला खेला जाएगा, जो भी टीम इस मैच में जीत दर्ज करेगी वह 28 सितंबर को भारत के साथ फाइनल खेलेगी। चौथे पायदान पर श्रीलंका है, जिनको उनके सुपर-4 के दोनों मुकाबलों में शिकस्त मिली थी।



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 37 गेंद में 75 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। हालांकि, वह अपनी इस पारी को शतक में तब्दील नहीं कर सके। उन्हें शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े रिशाद हुसैन ने रनआउट कर दिया। वहीं दूसरे छोर पर भारतीय बल्लेबाजों ने कुछ खराब शॉट खेले जिसमें शुभमन गिल, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव शामिल रहे। सूर्यकुमार को बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर जाकिर अली ने लेग साइड में शानदार कैच आउट किया। टीम प्रबंधन संजू सैमसन को बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष सात में फिट नहीं कर सका। भारतीय टीम ने जहां पहले 10 ओवरों में 96 रन बनाए तो वहीं अगले 10 ओवर में 72 रन ही बना सके जिसमें अक्षर पटेल (15 गेंद में 10 रन) को सैमसन से ऊपर भेजा गया। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब (चार ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट) ने हमेशा की तरह अपनी गति परिवर्तन वाली गेंदों का अच्छा इस्तेमाल किया। लेकिन लेग स्पिनर रिशाद हुसैन (तीन ओवर में 27 रन देकर दो विकेट) को गिल और शिवम दुबे का विकेट लेने का श्रेय दिया जाना चाहिए।

सिनेमा

# धूम मचा रही भारत की 'पायर'



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' दुनियाभर में धूम मचा रही है। 'पायर' को 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड से नवाजा गया है। यूरोप में शानदार सफलता के बाद अब अमेरिका में भी 'पायर' ने अपना परचम लहराया है। सिर्फ तीन हफ्तों में फिल्म ने अमेरिका में चार प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर भारतीय सिनेमा की नई पहचान बनाई है। 'पायर' की कहानी एक बुजुर्ग दंपति पदम और तुलसी के इर्द-गिर्द घूमती है। वे हिमालय के एक सुदूर गांव में रहते हैं। दंपति को चिंता है कि उनके अंतिम संस्कार का क्या होगा? तभी अकेलेपन में जी रहे दंपति को 30 साल बाद अपने बेटे का पत्र मिलता है, जो उनके जीवन में नई उम्मीद जगाता है।





1. Delhi HC junks plea to remove Afzal Guru, Bhat's graves from Tihar
2. Greedy doctors behind high rate of C-section deliveries: Andhra CM
3. How an IAS officer helped cut malnutrition by 30% in MP's Katni
4. Turkish President Erdogan raised the Kashmir issue at the UNGA
5. Nita Ambani dazzles in multi-coloured Banarasi lehenga in Navratri

# Tackling 'drawer economy' key to India's $219 billion renewed phone evolution

**NEW DEIHI, (Agency).** India's smartphone market is witnessing a seismic shift, one that has opened up a viable alternative to owning a premium device. Instead of buying new and paying the sticker price, Indians are increasingly considering pre-owned smartphones, which have been suitably refurbished or renewed, as an option for their next purchase.

Data supports that vision, and retail platforms are lining up to find prime positioning to cash in on this trend. Research by Redseer estimates India's used smartphone market will be worth $10 billion by the end of 2026. But as Mandeep Manocha, co-founder and chief executive officer of re-commerce platform Cashify points out, growth is still restricted by an "untapped drawer economy". One that has consumers still holding to their old, unused phones.




India's refurbished smartphone and re-commerce sector is expected to be worth $219 billion by 2033, according to re-commerce platform Cashify's latest User Behaviour Survey 2025 and Whitepaper, released on Wednesday.

According to the report, India shipped 151 million refurbished smartphones through 2024, a 4% annual increase compared with the previous year. And every 3 in 5 refurbished phone buyers chose an iPhone, in the first half of 2025 — Apple commands 62.9% market share in this space, followed by OnePlus (10.2%), Xiaomi (9.7%) and Samsung (6.1%).

What are refurbished smartphones? These are essentially pre-owned pieces, but unlike typical "used" products, these undergo a series of checks, with fixes and part swaps as required, before they are listed for sale again. This often includes a new battery. Most re-commerce platforms have multi-layered checks in place and offer warranty, making renewed phones a better bet over 'second-hand' or pre-used phones that may also be on sale elsewhere.

# Apple iPhone 17 review: The default iPhone for many sets a new standard

**NEW DEIHI, (Agency).** There is a distinctiveness that underlines Apple's approach to the standard iPhone in this year's line-up, and it has certainly taken a positive turn as a result. At first glance, this may seem familiar, but Apple's sharpened focus on the hardware this year, more than the last time of asking. Different moments in time, different responses required. It is with the Apple iPhone 17 that the dream of a 120Hz Super Retina XDR display, gets ticked off finally. Total up everything else that makes up generational progress on the iPhone 17, and it morphs into an iPhone that'll simply work for most folks. I'll draw your attention to some data, which will impress the importance of Apple's generational evolution with the standard iPhone. Tata Group's omni-channel electronics retailer, Croma, in some data just ahead of this year's iPhone keynote suggested that their sales information indicates that the "non-Pro iPhones formed just over 86% of total sales" across all iPhones, with certain colours able to find traction to match up to the evergreen (no pun intended) black. That is very much likely to be the trend with the iPhone 17, and it'll lead the bulk of the familial sales over the next few months.





श्रीहरि

" ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन "
" एक सलाहकार-एक शुभचिंतक "

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी
समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
"बाबापण्डित'
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment

9407086260 /9826044334

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक